अनाथ बालिकाओं का सारथी बनना सबसे बड़ा परोपकारी कार्य: मुरारी लाल मीणा

दौसा, (निसं)। कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने कहा कि शिक्षक सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनाथ बालिकाओं के सारथी बने हैं इससे बड़ा परोपकारी कार्य कोई और नहीं हो सकता। ऐसे पुनीत कार्य के लिए अन्य शिक्षक संगठनों को भी पहल करनी चाहिये।

कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा मंगलवार को आरपीएससी शिक्षक फोरम के तत्वावधान में आयोजित अनाथ बालिका शिक्षक संबंलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज चन्द्रग्रहण है, शास्त्रों में ग्रहण के दौरान दानपुण्य का विशेष महत्व दिया गया है।

आरपीएससी शिक्षक फोरम ने आज के दिन अनाथ बालिकाओं को सहायता देने के लिए चुना है जो एक पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि जिले में दर्जनों शिक्षक संगठन हैं, सभी शिक्षक संगठनों को आरपीएससी शिक्षक फोरम से प्रेरणा लेते हुये ऐसे पुनीत कार्य करने चाहिये, ताकि अनाथ बालक-बालिकाओं को प्रोत्साहित किया जा सके।

बालिका शिक्षा के महत्व को इंगित करते हुए मंत्री मीणा ने कहा कि जहां सक्षम परिवार ही बालिकाओं को पढाने में संकोच करता है ऐसी स्थिति में इन अनाथ बालिकाओं का पढ़ पाना कैसे संभव होता। लेकिन आरपीएससी शिक्षक फोरम ने एक प्रकार से इन्हें गोद लेकर इनकी निरंतर शिक्षा में सहायक बने हैं इसके लिए इन्हें बहुत-बहुत साधुवाद।

प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राणा ने कहा कि शिक्षक फोरम द्वारा किया जा रहा यह कार्य अन्य संगठनों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, कर्मचारी हितों के लिए हम सदैव संघर्षरत रहते हैं लेकिन इसके साथ साथ सामाजिक सरोकारों में भी भूमिका रहे निभा रहे हैं यह अतुलनीय है। मुझे इस कार्यक्रम ने काफी प्रभावित किया है मैं कोशिश करूंगा कि महासंघ भी परोपकारी कार्यों में भूमिका अदा करें। दौसा पंचायत समिति प्रधान प्रहलाद मीणा ने कहा कि बालिका अपने आप को अकेला महसूस नहीं करें हम सब आपके साथ हैं, जब भी मदद की आवश्यकता हो हम सब मदद के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षक संगठन का उद्देश्य शिक्षक समस्याओं को ही उठाना नहीं होना चाहिए फोरम की तर्ज पर सामाजिक सरोकारों में भी अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए यदि प्रत्येक संगठन इस प्रकार अलग-अलग क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार के कार्य करें तो लोग इससे और ज्यादा प्रेरित होंगे। समारोह में कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष भगवान वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजाराम मीणा, आरपीएससी शिक्षक फोरम के अध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या, रुकमणी गुप्ता, भोमाराम वर्मा, कल्याण सहाय वर्मा, नरेंद्र जैमन, नहनूराम मीणा, पदम कसाना, घनश्याम चोबदार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

फोरम के जिला प्रवक्ता अभय सक्सैना ने बताया कि समारोह में फोरम द्वारा 43 अनाथ बालिकाओं को एक लाख इक्कीस हजार आठ सौ रुपयें की नगद राशि के चैक एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने अनाथ बालिका शिक्षक संबंलन कार्यक्रम को संबोधित किया।

■ आरपीएससी शिक्षक फोरम ने 43 अनाथ बालिकाओं को एक लाख इक्कीस हजार रुपये भेंट किये

इंदिरा गांधी स्टेडियम का निरीक्षण किया

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रात: इंदिरा गांधी स्टेडियम में नगर विकास न्यास द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों तथा स्टेडियम की खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने इंदिरा गांधी स्टेडियम का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर यूआईटी के कार्यवाहक सचिव को निर्देशित किया कि स्टेडियम में स्टैण्ड्स को कवर करने हेतु शेड लगाने का तकमीना तैयार करावे। यूआईटी, सीएसआर तथा जनसहयोग से शेड लगवाए। इससे स्टेडियम में दर्शकों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि स्टेडियम के प्रवेश द्वारों का सौन्दर्यकरण का कार्य शीघ्र करावे। उन्होंने स्टेडियम के मंच का अवलोकन कर कहा कि मंच के विस्तार एवं चौडाईकरण का कार्य पूर्ण होने से अब यहां होने आयोजनों एवं कार्यक्रमों में मंच से संबंधित असुविधा नहीं होगी। उन्होंने जिला खेल अधिकारी व कोचगणों को निर्देश दिये कि स्टेडियम की सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ इन्हें और बेहतर करने का प्रयास किया जाए जिससे खिलाडियों को इनका लाभ मिल सके तथा स्टेडियम की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देवे। इस दौरान यूआईटी के कार्यवाहक सचिवयोगेश डागुर, अधिशासी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी, साई के सहायक निदेशक शिव कुमार सेन, कोच सबल प्रताप सिंह, कोच श्रीमती अंजना शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

गुरु नानक जयंती पर लंगर लगाये

खैरथल, (निसं)। गुरु नानक देव जी की जयंती पर मंगलवार को गुरद्वारों व पंजाबी समाज की ओर से लंगर आयोजित किए गए। मंगली कॉलोनी में गुरुद्वारा श्री गुरु कलगीधर साहिब में ग्रंथी गुरमीत सिंह के द्वारा पाठ साहिब का भोग लगाने के बाद शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया व वार्ड पार्षद महेंद्र पाल सिंह टिंकू व गुरदेव सिंह के साथ गुरुद्वारा में आकर शीश नवाकर देश दुनिया में सुख-शांति और समृद्धि की मन्नत मांगी उन्होंने लंगर में प्रसादी ग्रहण की। इससे पहले पंज प्यारों की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर कीर्तन के साथ गुरुद्वारा पहुंची।मार्ग में जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के मेंबर सरदार प्रीतमसिंह, महेंद्र सिंह, दौलत सिंह, पूर्व पार्षद बलवीर सिंह, रघुवीर सिंह, अरविंद सिंह, गुरचरण सिंह, हज़ारा सिंह,जगदीप सिंह बलदेव सिंह, अंग्रेज़ सिंह, कंवलजीत सिंह,जगतार सिंह आदि ने व्यवस्थाओं को संचालित किया।

खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में 66 वीं जिला स्तरीय नेट बॉल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। संयोजक प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करडका 19 वर्षीय छात्र वर्ग में विजेता रही, उपविजेता अल्बर्ट आइंस्टीन.उ.मा.वि जोरावर नगर रही तथा 17 वर्षीय छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर विजेता तथा राजस्थान पब्लिक उ.मा.विध्यालय जालपाली उपविजेता रही। इसी प्रकार छात्रा 17 वर्षीय वर्ग में आदर्श बालिका माध्यमिक विद्यालय लोसल विजेता तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगरासी उपविजेता रही है, 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर विजेता तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर उपविजेता रही, नेट बॉल को खेल प्रतियोगिता में पहली बार शामिल किया गया है जिसके कारण काफी कम संख्या में टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन कल होगा।

प्रकाश पर्व उत्साह के साथ मनाया

राजगढ़, (निसं)। गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से कस्बे में मंगलवार को गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिंह सभा गुरुद्वारा में भव्य सजावट एवं रोशनी आयोजन की प्रमुखता रही। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रवक्ता अमरजीत सिंह ने बताया कि कीर्तन दरबार के साथ दोपहर को गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। जिसमें समाज के लोगों सहित गणमान्य जाने पर राजनेताओं ने शिरकत की। इसके पश्चात मंगलवार सायंकल कीर्तन दरबार एवं बच्चों का कवि दरबार सजाया गया। इस अवसर पर मनमीत सिंह एवं जसमीत सिंह की ओर से शब्द गायन किया गया। इस अवसर पर सिंह सभा गुरुद्वारा सहित कस्बे में प्रकाश पर्व की आस्था का आलम रहा।

प्रतिभा सम्मान समारोह 13 को

दौसा, (निसं)। विप्र फाउण्डेशन के तत्वावधान में 13 नवंबर को स्थानीय गुप्तनाथ मैरिज लॉन में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जावेगा, जिसमें जिले भर की 500 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जावेगा। जिला प्रवक्ता लोकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निंबार्काचार्य पीठ के जगतगुरु राधा स्वामी महाराज होंगे तथा विशिष्ट अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रक्रीय संयोजक सुशील ओझा सांसद रामचरण बौहरा, काबीना मंत्री महेश जोशी, उमाशंकर शर्मा, विप्र बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अर्चना शर्मा होंगे।

कंचन योगासन प्रतियोगिता में प्रथम

खैरथल, (निसं)। मत्स्य विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों की हुई योगासन प्रतियोगिता में खैरथल की कंचन सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अवार्ड जीता। कोच हरिओम सैनी ने बताया कि बानसूर के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई योगासन प्रतियोगिता में खैरथल के महर्षि परशुराम महिला महाविद्यालय की छात्रा कंचन सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अवार्ड जीता। अब वह मत्स्य विश्वविद्यालय की ओर भुवनेश्वर उड़ीसा में होने वाली राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेगी।

रक्तदान शिविर आज

दौसा, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दौसा के तत्वावधान में 9 नवंबर को प्रात: 9 बजे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनाथ चौराहे पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जावेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश प्रेमलता सैनी ने आमजन से रक्तदान शिविर में सहयोग करने की अपील की है।

कविता किसी बात को कहने का श्रेष्ठतम रूप है: सोनी

अलवर, (निसं)। राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर तथा अलवर मेवात शिक्षा एवं विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 'कविता में समय' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी व काव्य पाठ-विमर्श का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने किया।

जिला कलेक्टर ने गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साहित्यिक सम्मेलनों के आयोजन से साहित्य के प्रति एक सकारात्मक वातावरण बनता है। उन्होंने कहा कि कविता किसी बात को कहने का श्रेष्ठतम रूप है और कविता में समय का बहुत महत्व है। कविता समय के हिसाब से बातें समाहित करती हुई समाज को संदेश देती है। उन्होंने वर्चुअल युग में युवा पीढी को साहित्य से जोडने पर बल दिया।

राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सहारण ने कहा कि राजस्थान में साहित्यिक वातावरण तैयार करने में राजस्थान साहित्य अकादमी साहित्यिक संस्थाओं को सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि अकादमी की ओर से राज्य के साथ देश के विभिन्न विषयों तथा इससे इत्रा विदेशों में हिंदी साहित्य को बढावा देने के लिए आयोजन कराए जाएंगे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समय की अपनी धार होती है और उसे कविता समाहित करती है। उन्होंने साहित्य सृजन हेतु युवाओं को आगे आने के लिए आव्हान किया।

विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. नन्दकिशोर आचार्य ने कविता के सृजन, समय और कविता के बीच संबंध पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी चुनौती सृजनात्मकता के लिए एक अवसर होती है।

विशिष्ठ अतिथि कवि एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संजीव कौशल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कविता की मूल आत्मा प्रतिरोध है। कविता साहस, हौंसला व हिम्मत का माध्यम है। कविता क्षणिक प्रतिरोध को अभिव्यक्त कर उसे चिरस्थाई बनाती है। उन्होंने समसामयिक विषय, महिला सशक्तिकरण, जाति व्यवस्था, शिक्षा के स्तर एवं भाषा की गिरावट पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

■ 'कविता में समय' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

मोदी सरकार विकास, गहलोत सरकार कुर्सी चाहती है: राज्यवर्धन राठौड़

पावटा, (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा और विराटनगर के दौरे पर रहे।

इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने ग्राम पंचायत टोड़ी, सुराणा, छारसा, खोरालाडखानी और आमलोदा में जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया और सांसद कोष से विकास कार्यों के लिए 38 लाख रूपये देने की घोषणा की। साथ ही ग्राम पंचायत सुराणा में सार्वजनिक चबूतरा, ग्राम पंचायत टोडी और छारसा में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया और ग्राम पंचायत आमलोदा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए जमीन और बेड देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया।

इस दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने मोदी सरकार की जमकर तारीफ की और प्रदेश की गहलोत सरकार को कानून व्यवस्था, बिजली की बढ़ी दरें, महिला-दलित अत्याचार, पेपल लीक, खेल मैदान, जल जीवन मिशन में प्रदेश सरकार के निकम्मेपन और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर आडे हाथ लेते हुए कहा कि गहलोत सरकार ने ग्रामीण ओलंपिक पर करोड़ो रूपये खर्च किए किन्तु खेल मैदान नहीं बनवाए। हमने जयपुर ग्रामीण में खेल विकास सुविधाओं के लिए 26 करोड रूपये खर्च किए, खेल भी करवाए और खेल मैदान भी तैयार करवाए। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सरकार के ढीलेपन और भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए कहा मोदी सरकार ने देश की एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को पैसा दिया है ताकि हर घर नल से जल पहुंच सके। लेकिन प्रदेश सरकार के लिए जनता को पानी पिलाने से ज्यादा जरूरी है कि कार्य का ठेका किसे मिले। लेकिन सरकार चार साल कुर्सी बचाने में ही लगी रही और इसके लिए गहलोत सरकार ने अपने विधायकों को लूट की खुली छूट दी हुई है। जिससे चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, प्रदेश की कानून-व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है।

मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कर्नल राज्यवर्धन ने कहा 2014 से लगातार 2 बार देश को मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की मजबूत सरकार मिली है जो देश के गौरव और जनता की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाएं धरातल पर पहुंच रही है जिनका लाभ गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, पीड़ित एवं पिछड़ों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। इसके विपरीत कांग्रेस स्वयं तो विकास कार्यों से कोसों दूर है। राज्य सरकार अपनी द्वेष की राजनीति के कारण केंद्र की योजनाओं का लाभ राजस्थान की जनता तक पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रही है।

जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा और विराटनगर के दौरे पर रहे।

■ कर्नल राज्यवर्धन ने शाहपुरा और विराटनगर की ग्राम पंचायतों का दौरा कर की विकास कार्यों की घोषणा

पोक्सो एक्ट के जिन्दा आरोपी के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की अनुज्ञा जारी की

लालसोट, (निसं)। झापदा थाना क्षेत्र की सवासा ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा पोक्सो एक्ट के आरोपी को बचाने के लिए ऐसा कारनामा कर दिखाया जिसके सामने आते ही आम लोग हतप्रभ हो रहे हैं।

ग्राम पंचायत सवासा के सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा ऐसे युवक की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की अनुज्ञा बनाने के लिए तहसीलदार को अनुशंसा रिपोर्ट पेश कर दी गई जो युवक दो नाबालिग बालिकाओं के दुष्कर्म का आरोपी है। जिस के नाम से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाया जा रहा था वह लालसोट थाने में पोक्सो एक्ट के दर्ज मामले में करीब 3 माह बाल कल्याण समिति के बाल सुधार गृह में रह चुका है एवं वर्तमान में जमानत पर बाहर चल रहा है।

मामले का पटाक्षेप होने के बाद तहसीलदार सीमा गुनावत द्वारा आनन-फानन में एक पत्र जारी कर खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत प्रशासन को उस मृत्यु प्रमाण पत्र पर रोक लगाई गई है। सबसे बड़ी बात इस मामले को लेकर यह है कि ग्राम पंचायत प्रशासन जिस पोक्सो एक्ट के आरोपी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना चाहता है उसके नाम से पुलिस लालसोट थाना पुलिस द्वारा आरोप सेक्टर आरोपी मानते हुए उसी नाम से चार्जसीट भी पेश की जा चुकी है।

वहीं पीड़ित परिवार द्वारा ग्राम पंचायत प्रशासन आदि पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि सरपंच पोक्सो एक्ट के आरोपी के परिवार से ताल्लुक रखता है एवं किसी भी प्रकार से पोक्सो एक्ट में फंसे आरोपी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए उसे बचाने की गरज से इस तरह तहसील से अनुज्ञा पत्र जारी करा गलत एवं गैर संवैधानिक कार्य किया गया है।

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि पोक्सो एक्ट के आरोपी होने के बाद भी गलत तथ्य पेश कर एवं फर्जी शपथ पत्र प्रमाण पत्रों के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अनुज्ञा जारी करवाई गई है। जबकि जिस नाम गोलु से पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तहसील से अनुज्ञा जारी करवा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की कोशिश की गई है।

■ संज्ञान में आने पर तहसीलदार ने लगाई रोक, सवासा ग्राम पंचायत का मामला

मिनी मैराथन आयोजित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति के द्वारा मंगलवार को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें एसबीएन स्कूल के विद्यार्थी एवं उनके स्टाफ कर्मी, न्यायालय कर्मी एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी, अधिवक्ता ने उक्त भाग लिया।

मिनी मैराथन को पायल गौतम अति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या .2 श्रीमाधोपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार व उनका स्टाफ अधिवक्ता कुमार गौरव, एडीजे न्यायालय के स्टाफ कर्मचारी, रीडर विनोद कुमार शर्मा ,प्रमोद कुमार मीणा, राकेश कुमार सैनी व कस्बे के वरिष्ठ जनो आदि ने भाग लिया।

अंबेडकर सर्किल पर आक्रोश प्रदर्शन किया

अलवर, (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) एवं राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के संयुक्त नेतृत्व में विद्या संबल योजना,अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को आरक्षण देने की मांग के लिए आज अलवर के अंबेडकर सर्किल पर विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं छात्र शामिल रहे। प्रदर्शन स्थल पहुंचकर एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लिया।

प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने से आरक्षित वर्ग को भारी नुकसान होगा। राज्य सरकार को बिना आरक्षण के प्रावधान की इस भर्ती पर रोक लगानी चाहिए। आरक्षण का प्रावधान कर शिक्षकों की स्थाई भर्ती की जाए। विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी में 93000 एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में 10000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे इन वर्गों को भारी नुकसान होगा। प्रदर्शन में राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामचरण वर्मा, जिला अध्यक्ष अमरसिंह जाटव, जिला मंत्री हरिमन मीणा, दलित शोषण मुक्ति मंच से जिला सह संयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव, जीतसिंह, अशोक कुमार वर्मा, कमलेश कुमार, श्योप्रसाद बैरवा, एडवोकेट पंकज सांवरिया, दिनेश मीणा, वेदप्रकाश गोठवाल, अंकित वर्मा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ विद्या संबल योजना, अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में एससी एसटी वर्ग को आरक्षण देने की मांग

सिद्ध चक्र महामण्डल अनुष्ठान का समापन

निवाई, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सानिध्य में सिद्ध चक्र मण्डल विधान का मंगलवार को ब्रह्मचारी विधानाचार्य जिनेश भैया जयपुर के विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भक्ति भाव से 1024 श्री फल चड़ाकर समापन किया। जिसमें सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने संगीत के साथ भक्ति नृत्य किया।

चातुर्मास कमेटी के मीडिया प्रभारी विमल जौला व राकेश संघी ने बताया कि अग्रवाल जैन मंदिर में आठ दिन से चल रहे अनुष्ठान का मंगलवार को सभी इन्द्र इन्द्राणी द्वारा भक्ति पूर्वक पूजा अर्चना कर समापन किया। जौला ने बताया कि विधान के तहत सोधर्म इन्द्र सहित सभी इन्द्रों ने देव शास्त्र गुरु भगवान शांतिनाथ एवं गणाचार्य विराग सागर महाराज एवं आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का पूजन किया। इस दौरा समवशरण की रचना में चक्रवर्ती वेशभूषा में सोधर्म इन्द्र महेन्द्र जैन सारसोप, रामपाल जैन चंवरिया, राजेश झांझरी, ताराचन्द गोयल, ज्ञानचंद भाणजा, विनोद पाटनी, महेन्द्र जैन चेनपुरा, महावीरप्रसाद पराणा, सुशील जैन आरामशीन, महेन्द्र चंवरिया, सुनील भाणजा, दिनेश गिन्दोडी, त्रिलोक सिरस, राजेश सांवलिया, सत्यनारायण जैन मोठूका, विष्णु बोहरा, नेमीचंद जैन, प्रदीप जैन, विमल झिलाय, हेमचंद संघी, पारस जैन प्रेस, विमल दलाल, लालचंद जैन, पदमचंद बहड, नीरा जैन, शकुंतला भाणजा, अनीता गोयल, पदमा जैन, पिंकी कठमाणा, मीनाक्षी जैन, हेमलता जैन, मेना पराणा, प्रियंका जैन सिरस सहित कई श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया।

जैन मंदिर में आयोजित सिद्ध चक्र मण्डल विधान में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

शेखावत समाज रत्न से सम्मानित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। माावा की शस्य श्यामला धरती पर उज्जैन जिले के बड़नगर कस्बे में स्थित श्री महाराणा प्रताप राजपूत बोर्डिंग परिसर में दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ में आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष सीकर श्रीमाधोपुर महावीर सिंह शेखावत को समाज रतन से सम्मानित किया गया।

शेखावत को यह सम्मान अमेठी डॉक्टर नरेंद्र सिंह राजावत, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय शिवदान सिंह, सिंगरा मुल्तान महाराजेढ, रघुवीर सिंह, हमीरगढ़ राव युग प्रताप सिंह सैलाना, राजकुमार दिव्यराज सिंह रावले विजेंद्र सिंह चौहान ,मध्यप्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत ने शेखावत को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ के संस्थापक महेंद्र सिंह राठौड, जाखली राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड ,देवेंद्र सिंह मऊ ,यशपाल सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह पवार ,मध्य प्रदेश लाल सिंह , पूर्व विधायक भगवान सिंह एड. व मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

न्यायपालिका कानूनी अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए तत्पर: शर्मा

फागी, (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फागी शालिनी शर्मा के निर्देशानुसार 'एम्पावरमेंट ऑफ सिटिजन्स थ्रू लीगल अवेयनेस एण्ड आउटरीच कैम्पेन' एवं 'हक हमारा भी तो है 75 अभियान' के तहत मंगलवार को फागी उपखण्ड मुख्यालय के जयपुर भीलवाडा मेगा हाईवे पर स्थित खेल मैदान परिसर में प्रात: 7 बजे से 8 बजे के मध्य मिनि मैराथन का आयोजन किया गया।

जिसकी शुरुआत फागी एसीजेएम शालिनी शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गयी। लीगल एड प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आज के मिनी मैराथन का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि न्यायपालिका लोगों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए तत्पर है और यह कार्यक्रम आने वाले विधिक साक्षरता अभियानों का आगाज है, जिसमें आने वाले समय में ऐसे विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जायेगा और लोगों को उनकें कानूनी अधिकारों से संबंधित व्यवहारिक जानकारी दी जायेगी। उक्त मैराथन में न्यायिक अधिकारी के अतिरिक्त कर्मचारी गण राकेश जैन, रोहित कुमावत, विष्णु सैनी, ओम प्रकाश शर्मा, सौरभ खोरवाल, अभिषेक गुप्ता, राधा किशन शर्मा होमगार्ड अजीत सिंह, सोनपाल गांधी अधिवक्तागण बार एसोसिएशन अध्यक्ष फागी हनुमान सहाय सियाग,सचिव सत्यदेव सिंह नरूका, उपाध्यक्ष अशोक ब्रह्मभट्ट, एडवोकेट बद्री नारायण शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, अनुपम शर्मा, संजीव पारीक व अन्य अधिवक्ता गण के अतिरिक्त फागी क्षेत्र स्थित रेसलर डिफेंस एकेडमी,भगत सिंह डिफेंस एकेडमी तथा टाइगर डिफेंस एकेडमी के छात्र सहित फागी क्षेत्र के आमजन भी मौजूद रहे।

फागी उपखंड मुख्यालय के स्टेडियम पर आयोजित मैराथन में युवाओं ने भाग लिया।

■ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना